आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-142- ● कटनी ● गुरुवार, 24 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष -14 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## आज दिखेगा सुपरमून





23 जून को टेस्ट क्रिकेट में पहली बार न्यूजीलैंड के रूप में विजेता मिल गया। मुकाबला जीतने के बाद न्यूजीलैंड के भरोसेमंद बल्लेबाज और पूर्व कप्तान रॉस टेलर भावुक हुए और उनकी आंखें भर गईं।

# 31 जुलाई तक जारी करें परिणाम

## मूल्यांकन नीति के आधार पर बने रिजल्ट, सुप्रीम कोर्ट ने दिए आदेश

**नई दिल्ली।**

देश के सभी राज्य बोर्डों के लिए समान मूल्यांकन नीति बनाना असंभव है। यह बात सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कही है। दरअसल, कोर्ट 24 जून को कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा रद्द करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसी दौरान जस्टिस एएम खानविलकर और दिनेश माहेश्वरी की पीठ ने कहा कि प्रत्येक बोर्ड स्वायत्त और अलग है। इसलिए अदालत इन्हें समान योजना को अपनाने का निर्देश नहीं दे सकती है।

### प्रत्येक बोर्ड अपनी योजना करे तैयार

न्यायमूर्ति खानविलकर ने कहा कि हम पूरी देश के विद्यार्थियों



के लिए समान योजना बनाने का निर्देश नहीं दे सकते हैं। प्रत्येक बोर्ड को अपनी योजना तैयार करनी होगी। उन्हें इसके बारे में ज्यादा पता है और उनके पास सही सलाह देने वाले विशेषज्ञ भी मौजूद हैं।

### सभी राज्य 10 दिन में काम करें कंप्लीट

सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य बोर्डों को आज से 10 दिनों के भीतर मूल्यांकन के लिए योजना को अधिसूचित करने और 31 जुलाई तक आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर परिणाम घोषित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सीबीएसई और आईसीएसई की तरह निर्दिष्ट समय रेखा बनाने को कहा है।

# फिर बड़े आंदोलन की तैयारी



**नई दिल्ली।** तीन कृषि कानून वापस लिए जाने की मांग एवं एमएसपी पर न्यूनतम मूल्य की खरीद गारंटी को लेकर पिछले काफी समय से गाजीपुर बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन में शामिल होने के लिए आज शाम नागल से किसान रवाना होंगे। भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी विनय कुमार ने बताया कि सहारनपुर जिले से करीब 15 ट्रैक्टर-ट्रॉली रवाना होंगी। इसके साथ ही किसान अपने निजी वाहनों से भी गाजीपुर के लिए कूच करेंगे। वहीं मुजफ्फरनगर और मेरठ से भी किसान आंदोलन में शामिल होंगे। कृषि कानूनों के खिलाफ पिछले सात महीने से चल रहे किसान आंदोलन को तेज करने की कवायद के तहत भारतीय किसान यूनियन की किसान ट्रैक्टर यात्रा गुरुवार (आज) से शुरू होगी। सिसौली से भाकियू अध्यक्ष यात्रा का शुभारंभ करेंगे, जबकि एक गुट सहारनपुर से यात्रा की शुरुआत करेगा। पिछले करीब सात माह से गाजीपुर बॉर्डर पर जारी किसान आंदोलन में तेजी लाने के लिए भाकियू ने गुरुवार (आज) से किसान ट्रैक्टर यात्रा निकालने की घोषणा की हुई है। दोपहर करीब दो बजे भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत के नेतृत्व में यह यात्रा सिसौली के किसान भवन से प्रारंभ होगी। वहीं, भाकियू का एक गुट जनपद सहारनपुर से शुभारंभ करेगा।

## फटाफट खबरें




### पालघर में महसूस किए गए 3.7 तीव्रता के झटके

**लाहौर।** पमहाराष्ट्र के पालघर में आज यानी गुरुवार सुबह 11ः57 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप के झटकों की 3.7 तीव्रता रही। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने इसकी जानकारी दी।

### रिलायंस की 44वीं एजीएम में बड़े एलान संभव



**मुंबई।** थोड़ी देर में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की 44वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) शुरू होगी। मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की एजीएम दूसरी बार ऑनलाइन होगी। एजीएम के दौरान कई बड़े एलान हो सकते हैं। पिछले एक साल के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल और खुदरा कारोबार करने वाली अनुषंगी कंपनियों में कई नए निवेशक जुड़े हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने गूगल, फेसबुक, माइक्रोसॉफ्ट तथा क्वालकॉम जैसी कई वैश्विक कंपनियों साथ नई भागीदारी की है। ये निवेशक उम्मीद कर रहे हैं कि एजीएम में अनुषंगी कंपनियों के कारोबार के लिए नई दिशाओं की घोषणा हो सकती है।

### कोर्ट के सामने ब्रिटनी बोलीं - मुझे मेरी जिंदगी लौटा दीजिए



**वाशिंगटन।** अमेरिकी पॉप सिंगर ब्रिटनी स्पीयर्स ने कोर्ट में अपने पिता की गार्जियनशिप से आजादी मांगी है। उन्होंने जज से कहा कि मैं अपना जीवन फिर से जीना चाहती हूं। ब्रिटनी ने कोर्ट में इमोशनल होते हुए कहा, %मुझे मेरी जिंदगी, मेरी आजादी वापस चाहिए। 13 साल हो चुके हैं, अब बहुत हुआ।% ब्रिटनी मानसिक रूप से ठीक नहीं हैं। इस वजह से उनके पिता 2008 से कानूनी तौर पर उनकी देखरेख कर रहे हैं। ब्रिटनी के पिता जेमी स्पीयर्स के पास कानूनी अधिकार है।

# कश्मीरी नेताओं की बैठक
# पीएम आवास पहुंचे गृह मंत्री

## 14 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक पर टिकीं निगाह

**नई दिल्ली।**

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाए जाने के करीब दो साल बाद आज पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के आठ राजनीतिक दलों के 14 नेताओं के साथ बैठक करेंगे। पीएम मोदी के संग कश्मीरी नेताओं की बैठक में आज दोपहर बाद शुरू होगी। हालांकि, सर्वदलीय बैठक के एजेंडा का खुलासा नहीं किया गया है। पीएम मोदी संग बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती जैसे कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे।

### महबूबा के बयान पर बवाल, डोगरा फ्रंट ने किया प्रदर्शन

महबूबा के पाकिस्तान से बातचीत वाले बयान पर बवाल शुरू हो गया। जम्मू में डोगरा फ्रंट ने उनके



खिलाफ प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि महबूबा को ऐसा बयान नहीं देना चाहिए। वे राज्य में अशांति फैला रही हैं। इसके लिए उन्हें जेल की सलाखों के पीछे डाल देना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी की ओर से जम्मू-कश्मीर के करीब 14 राजनीतिक दलों, प्रतिनिधियों को बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजित डोभाल, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और अन्य बड़े अधिकारी रहेंगे। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर से फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, गुलाम नबी आजाद, निर्मल सिंह, रविंद्र रैना, हुसैन बैग, सज्जाद लोन, भीम सिंह, युसूफ तारिगामी शामिल होंगे। पीएम मोदी संग बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना होने से पहले जम्मू-कश्मीर के भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैना ने महबूबा मुफ्ती पर हमला किया। पाकिस्तान वाले बयान पर बोलते हुए रैना ने कहा कि गोली और बोली एक साथ नहीं चल सकती। पाकिस्तान अमन और भाईचारे की स्थापना करें और अपने सभी राज ने आतंकी शिविरों को बंद करे।

### दिल्ली में बैठक जम्मू में प्रदर्शन



दिल्ली में होने वाली सर्वदलीय बैठक से पहले जम्मू-कश्मीर में विरोध प्रदर्शन का सिलसिला शुरू हो गया है। महबूबा मुफ्ती के खिलाफ जम्मू में डोगरा फ्रंट प्रदर्शन कर रहा है। वहीं अपनी मांगों को लेकर कश्मीरी पंडित भी प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच नेशनल कांफ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला दिल्ली में होने वाली सर्वदलीय बैठक में शामिल होने के लिए रवाना हो चुके हैं। सर्वदलीय बैठक से पहले कश्मीरी पंडित जम्मू में प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार से उनका सवाल है कि उनकी मांगें कब पूरी होंगी। इस दौरान उन्होंने सरकार पर अनदेखी का आरोप भी लगाया है।

## कोरोना अपडेट

# 24 घंटों में 54 हजार नए केस, 13 सौ मौत



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में बीते कुछ दिनों से लगातार कमी देखी जा रही है। बीते 24 घंटों की बात की जाए तो कोरोना वायरस संक्रमण के 53000 मामले सामने आए हैं। साथ ही 1300 लोगों की मौत हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक बीते 24 घंटे में देश में कोरोना संक्रमण के कुल 54,069 केस सामने आए हैं और इस दौरान 1321 लोगों की कोरोना महामारी के कारण मौत हो चुकी है। साथ ही कोरोना महामारी से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या में भी लगातार बढ़ रही है। साथ ही सक्रिय मामलों में भी गिरावट देखी जा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बीते 24 घंटों में कोरोना से 68,885 लोग स्वस्थ्य हुए हैं। कोरोना महामारी से देश में अभी तक कुल 2 करोड़ 90 लाख 63 हजार 740 लोग ठीक हो चुके हैं। भारत की कोरोना रिकवरी दर फिलहाल 96.61प्रतिशत है। बीते 24 घंटों में कोरोना के 16,137 एक्टिव केस कम हुए हैं। इसको मिलाकर अब कुल 6 लाख 27 हजार 57 एक्टिव केस भारत में है एक्टिव दर अभी 2.08 फीसदी है।

## ट्वाय कथॉन 2021

### खेल के माध्यम से कुपोषण दूर करने में करें मदद: पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** भारत में खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद ही प्रयासरत हैं, अभी तक खेलों के प्रति जागरूक करने के लिए उन्होंने बड़ी संख्या में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया है और अब वह खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने के लिए आगे आए हैं। इसी कड़ी में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ट्वाय कथॉन 2021 को संबोधित कर रहे हैं। देशभर के प्रतिभागी इस कार्यक्रम से जुड़े हुए हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने जंक फूड के फायदे और नुकसान के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान पीएम ने प्रतिभागियों से कुपोषण दूर करने की अपील की। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चे हेल्दी खाना खाने से बचते हैं, जिसकी वजह से वह कुपोषण के शिकार हो जाते हैं, ऐसे में खेलों के माध्यम से उन्हें सतर्क किया जा सकता है।

# एसएंडपी ने घटाया GDP अनुमान
## कहा- बने रहेंगे महामारी से जुड़े जोखिम

**नई दिल्ली।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को 11 फीसदी से घटाकर 9.5 फीसदी कर दिया, और चेतावनी दी कि कोविड-19 महामारी से जुड़े जोखिम आगे भी बने हुए हैं। एजेंसी ने वृद्धि के अनुमान को यह कहते हुए घटाया कि अप्रैल-मई में कोविड-19 की दूसरी लहर के चलते राज्यों द्वारा लॉकडाउन लगाए जाने से आर्थिक गतिविधियों में तेजी से कमी हुई। एसएंडपी ने कहा, %हमने मार्च में घोषित चालू वित्त वर्ष में वृद्धि के लिए 11 फीसदी के पूर्वानुमान को घटाकर 9.5 फीसदी कर दिया है।% एजेंसी ने



कहा कि निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की बैलेंस शीट हुए नुकसान से अगले कुछ वर्षों के दौरान वृद्धि बाधित होगी और 31 मार्च 2023 को समाप्त होने वाले अगले वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर 7.8 फीसदी रह सकती है। एसएंडपी ने कहा कि महामारी को लेकर आगे भी जोखिम बने हुए हैं क्योंकि अभी तक लगभग 15 फीसदी आबादी को कम से कम वैक्सीन की एक खुराक मिली है, हालांकि अब वैक्सीन की आपूर्ति में तेजी आने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.3 फीसदी की कमी आई थी और इससे पहले 2019-20 में देश ने चार फीसदी की वृद्धि हासिल की थी।इससे पहले मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने बुधवार को वर्ष 2021 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को घटाकर 9.6 फीसदी कर दिया था, जो पिछले अनुमान के मुताबिक 13.9 फीसदी था। इसके साथ ही मूडीज ने कहा कि तेजी से टीकाकरण के कारण जून तिमाही में आर्थिक प्रतिबंध सीमित होंगे।

# चिंता : मध्य प्रदेश में डेल्टा प्लस वैरिएंट से दो की हो चुकी मौत

**भोपाल (एजेंसी)।**



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से कोरोना के डेल्टा प्लस वैरिएंट को लेकर जारी हुए अलर्ट के बाद अब प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। विभाग प्रदेश में पाए डेल्टा प्लस वैरिएंट के छह मरीजों की कांट्रैक्ट हिस्ट्री से लेकर पूरी जानकारी जुटाने में जुटा हुआ है। इसी बीच यह जानकारी सामने आई है कि कोरोना के खतरनाक वैरिएंट से प्रदेश में दो मौतें हो चुकी हैं। इनमें कोरोना पीड़ित एक महिला उज्जैन की थी, जिसकी अस्पताल में भर्ती होने के छह दिन बाद मौत हो गई थी। वहीं दूसरा मरीज अशोकनगर था, जिसकी मौत हुई थी। विभाग अशोकनगर के मरीज की जानकारी हासिल करने में जुटा हुआ है। इसके अलावा विभाग को सीहोर के कालापीपल की भी एक दो वर्षीय बच्ची की जानकारी नहीं मिल रही है।

### 12 वीं की परीक्षा पर अब मुख्यमंत्री शिवराज ही लेंगे अंतिम निर्णय



**भोपाल।** हायर सेकंडरी के परीक्षा परिणाम का फार्मूला एक बार फिर अटक गया है। इस बार कॉमर्स संकाय के कारण ऐसी स्थिति बनी है। दरअसल, जिस हाईस्कूल परीक्षा परिणाम के आधार पर हायर सेकंडरी का परिणाम तैयार करने पर विचार चल रहा है। उसमें कॉमर्स विषय ही नहीं है विद्यार्थियों को किस आधार पर अंक दिए जाएं, यह परिणाम का फार्मूला तय कर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भेजे जा रहे हैं। अब मुख्यमंत्री ही अंतिम निर्णय लेंगे।

# 3 साल बाद एमपी भाजपा कार्यसमिति की बैठक

**भोपाल।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार सुबह प्रदेश कार्यसमिति की बैठक जारी है। सीएम शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश प्रभारी पी. मुरलीधर राव, सह संगठन महामंत्री सुहास भगत सहित अन्य बड़े नेता इसमें शामिल हुए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश कार्यसमिति को संबोधित किया। दिल्ली से बैठक में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, थावरचंद गेहलोत, प्रहलाद पटेल, धर्मेन्द्र प्रधान, फग्गन सिंह कुलस्ते, राज्यसभा सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय आनलाइन




जुड़े। यहां कोरोना काल में सरकार द्वारा किए गए कार्यों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में विष्णु दत्त शर्मा की नियुक्ति के बाद प्रदेश कार्यसमिति की पहली बैठक है। जिसमें कोरोना काल में दिवंगत नेताओं और जनता को श्रद्धांजलि देने के लिए शोक प्रस्ताव लाया जा रहा है। पहले सत्र में शर्मा का संबोधन होगा। फिर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का संबोधन होगा। दूसरे सत्र में राजनीतिक प्रस्ताव लाया जाएगा। इसके तहत देश व प्रदेश के राजनीतिक परिदृश्य, भाजपा और विपक्षी दल पर चर्चा होगी। अगले सत्रों में कोरोना काल में केंद्र और राज्य सरकार और संगठन ने क्या किया, उस पर बात होगी।

### हिसार में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के विरोध में जुटे किसान



**हिसार।** यहां भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का किसानों ने विरोध शुरू कर दिया है। बुधवार को किसानों ने काले झंडे दिखाकर शांतिपूर्वक विरोध करने का एलान किया था। इसके बाद पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है और अतिरिक्त पुलिस बल मंगवाया गया। गुरुवार को सुबह से ही बीजेपी कार्यालय से थोड़ी दूरी पर बैरियर लगा दिए गए। सेक्टर 14 के पास पुलिस ने नाका लगाकर वाहनों की एंट्री बंद कर दी है। नाराज किसानों ने बीजेपी कार्यालय के पास लगे झंडे और फ्लेक्स फाड़ दिए।

### दाढ़ी काटने का मामला: थाने के बाहर ट्विटर इंडिया के एमडी का इंतजार



**गाजियाबाद ।** बुलंदशहर निवासी बुजुर्ग की लोनी में दाढ़ी काटने के मामले में वायरल वीडियो को लेकर ट्विटर इंडिया के एमडी मनीष माहेश्वरी को पूछताछ के लिए गुरुवार को लोनी थाने पहुंचना है। उनके आने से पहले ही लोनी थाने के बाहर मीडिया कर्मियों का बड़ा जमावड़ा लग गया है। वहीं मनीष माहेश्वरी द्वारा कर्नाटक हाईकोर्ट में डाली गई एक याचिका के चलते उनकी लोनी थाने में पेशी की संभावना अब न के बराबर हो गई है। मीडियाकर्मियों के जमावड़े के चलते लोनी थाने के बाहर ट्रैफिक जाम हो गया है। लोनी बॉर्डर थाने पर ट्विटर इंडिया के एमडी मनीष से सवाल जवाब करने के लिए आईओ और सीओ अतुल कुमार सोनकर मौजूद हैं। गिरफ्तारी से बचने के लिए माहेश्वरी के वकील ने कर्नाटक हाईकोर्ट में डाली रिट एक ओर जहां गाजियाबाद थाने में मनीष माहेश्वरी का इंतजार चल रहा है तो दूसरी तरफ गिरफ्तारी से बचने के लिए माहेश्वरी के अधिवक्ता ने कर्नाटक हाईकोर्ट में रिट डाली है।

## नासा ने पृथ्वी के निकट से गुजरने के संकेत दिए

# पृथ्वी के करीब पहुंचा हवाई जहाज जितना बड़ा एस्टॉरोइड

**नई दिल्ली ।** नासा ने इस सप्ताह के अंत तक एक बड़े एस्टेराइड को पृथ्वी के निकटतम से गुजरने के संकेत दिए हैं। उन्होनें बताया कि यह क्षुद्रग्रह एक यात्री विमान के आकार का रहेगा। इस क्षुद्र ग्रह को लेकर नासा के वैज्ञानिकों का मनना है कि इसकी लंबाई लगभग 100 फीट यानी 30 मीटर की है और इसका आकार एक हवाई जहाज के अकार का है। इसे धरती पर सबसे बड़े जीव ब्लू व्हेल जितना बड़ा भी बताया जा रहा है। यह एस्टोरॉइड अंतरिक्ष में पृथ्वी की ओर 7.4 किलोमीटर प्रति सेकंड की चाल से या 26,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गति कर रहा है। इसकी गति से अनुमान लगाते हुए नासा ने इसका विश्लेषण कर पता लगाया कि यह क्षुद्रग्रह 26 जून शनिवार को पृथ्वी के सबसे नजदीक से गुजरेगा। इसे



लेकर यह भी बताया जा रहा है कि जब यह चट्टान पृथ्वी के निकट होगी तो इसकी और पृथ्वी की दूरी लगभग 1.7 मिलियन किलोमीटर के समानातंर होगी। नासा के अनुसार अगर अभी भी देखा जाए तो पृथ्वी के सबसे निकट अगर कोई वस्तु है तो वह यही स्टोरॉइड 2021ख्क2 है। इस एस्टोरॉइड को लेकर नासा ने अपनी जेपीएल वेबसाइट पर कहा कि ''एनईओ धूमकेतु और क्षुद्रग्रह को पास के ग्रह से गुरूत्वाकर्षण के आकर्षण के कारण उनकी स्थिति में बदलाव हुआ है इसी वजह से यह एस्टॉरोइड पृथ्वी के निकट से 26 जून को गुजरने वाला है। विशाल ग्रह जैसे बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेपच्यून अरबों धूमकेतुओं के समूह से बने हैं और इन समूहों को बनने में जो चट्टान के टुकड़े बच गए हैं उन्हें हम एस्टॉरोइड के रूप में देखते रहते हैं। पृथ्वी के निकट आने वाले इस क्षुद्रग्रह में भी बुध, शुक्र और मंगल के अवशेष शामिल हैं।




शुभांक - 4-8-5

# कैमोर में 10 हज़ार टीके का टॉरगेट बना चुनौती

## नई सी एम ओ ने पदभार सम्हालते ही थामी टीकाकरण महाअभियान की कमान





**कैमोर।** जिले में चल रहे कोविड टीकाकरण महाअभियान के तहत कैमोर छेत्र के लिए 10 हज़ार टीकों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यहां पदस्थ एस डी एमएतहसीलदारएसी एम ओएबी एम ओ सहित महिला बाल विकास के अधिकारी कर्मचारियों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे महाअभियान के अंतिम दिवस तक टीकाकरण का निर्धारित लक्ष्य हर हाल में पूरा करें। अनेक विसंगतियों और कमियों के साथ टीकाकरण के टॉरगेट को पूरा कर पाना अधिकारियों के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं। तहसील और नगर प्रशासन के अधिकारी जनप्रतिनिधियों एस्थानीय उद्योगों और समाजसेवी संगठनों के सहयोग से इस लक्ष्य को पाने का प्रयास कर रहे।

इस कार्य मे उन्हें सबसे ज्यादा सहयोग तपस्या ग्रुप का मिल रहा। तपस्या ग्रुप के लोग न केवल लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित कर रहे बल्कि अपने मदद वाहन एवं निजी एम्बुलेंस से भी दूरस्थ अंचलों से लोगों को टीका लगवाने केंद्र तक पहुंचा रहे। अमहटा एवं बड़ारी में एसीसी ट्रस्ट का भरपूर सहयोग मिल रहा वहीं कैमोर में जन अभियान परिषद के वालिंटियर भी लोगों को जागरूक करने अपना योगदान दे रहे।

### नई सी एम ओ ने प्रभार लेते ही थामी महाअभियान की कमान

राज्य शासन नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा सितंबर 2020 में कैमोर नगर परिषद में पदस्थ सी एम ओ का तबादला कर दिया गया था तब से यहां सी एम ओ का पद रिक्त था। कुछ दिन बरही सी एम ओ के पास कैमोर का भी प्रभार रहा पर पिछ्ले कुछ महीनों से वे लंबे अवकाश पर चल रहे। सी एम ओ के नहीं होने से यहां काम काज पर असर पड़ रहा था जिसे देखते हुए कलेक्टर द्वारा जिला मुख्यालय में पदस्थ सहायक कलेक्टर आर अंजली परिवीक्षधीन आई ए एस को कैमोर सी एम ओ का प्रभार सौंपा गया है। 18 जून को आदेश जारी होने के बाद सहायक कलेक्टर आर अंजली ने सोमवार 21 जून को कैमोर पहुंच कर सी एम ओ का प्रभार सम्हाल लिया है। सोमवार को ही उन्होंने कैमोर में बने टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण किया था साथ ही आदिवासी बस्ती इंद्रा नगर भी गई थीं। कल 22 जून को सी एम ओ ने परिषद के अधिकारियोंएए जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों से मिलकर उन्हें टीकाकरण के लक्ष्य से अवगत कराया साथ ही लक्ष्य पूरा करने सभी से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा भी की। टीकाकरण महाअभियान की कमान नई सी एम ओ के हाथ में आ जाने से अब इस कार्य में और तेजी आने के आसार हैं।



### सेवा, सहयोग और समर्पण की मिसाल पेश कर रही टीम तपस्या

टीकाकरण के इस महाअभियान में वैसे तो अनेक सामाजिक संगठन और प्रेरक प्रशासन का सहयोग कर रहे पर तपस्या टीम तो जैसे सेवाएसहयोग और समर्पण की मिसाल बनी हुई है। शाम को तपस्या टीम के सदस्य नगर की अनेक बस्तियों और मुहल्लों में घूम घूम कर लोगों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित करते हैं वहीं सुबह लोगों को टीकाकरण केंद्र तक पहुंचाने तपस्या के मदद वाहन बस्तियों में पहुंच जाते हैं। चलने फिरने में असमर्थ लोगों के लिए व्हीलचेयर का इंतजाम भी तपस्या टीम द्वारा किया गया है। यहां तक कि वयोवृद्ध और लाचार लोगों को गोद में उठाकर केंद्र तक पहुंचाने से भी तपस्या के कार्यकता गुरेज नहीं कर रहे। तपस्या की इस सेवा भावना और सहयोग की सभी अधिकारी सराहना कर रहे।

### आदिवासी बस्तियों में अभी भी धीमी है टीके की रफ़्तार

कैमोर नगर परिषद के अंतर्गत वार्ड नम्बर 5 खलवारा बाज़ारए वार्ड नं 7 बरापर और वार्ड नं 15 अस्सी फीसदी आदिवासी आबादी वाले हैं। इन वार्डों में 7 से 8 हजार की आबादी है। इन वार्डों के अलावा कैलाश नगरएइंद्रा नगर एलाल नगर आदि छेत्रों में भी आदिवासी जनसंख्या काफ़ी है। इन आदिवासी बस्तियों में कोरोना वैक्सीन को लेकर लोगों में अभी भी गलत फहमियां है जिसके चलते यहां वैक्सिनेशन की रफ़्तार काफी कम है, हालांकि सामाजिक संगठन एवं प्रेरक आदिवासियों को जागरूक करने का प्रयास कर रहे पर अभी वैसी सफलता नहीं मिल पा रही जिसकी जरूरत है।

### टीकाकरण केंद्रों की संख्या और बढ़ा, जाने दिया सुझाव

बताया गया कि नई सी एम ओ द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक में यह मुद्दा उठा था कि कैमोर छेत्र की आबादी को देखते हुए यहां अलग अलग स्थानों पर कम से कम चार टीकाकरण केंद्र बनाए जाने थे पर यहां केवल एक ही केंद्र बनाया गया है। पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष अजय शर्मा ने एसीसी कालोनी के अलावा आदिवासी बस्ती बरापार, अमारियापार एवं लालनगर में भी टीकाकरण केंद खोले जाने का सुझाव दिया। यहां केंद्र खुल जाने से न केवल कैमोर बल्कि आस-पास के गांवों के लोगों को भी टीकाकरण केंद्र तक पहुंचने में आसानी होगी।

# जन अभियान परिषद के वॉलिंटियर्स ने की मदद



**बरही।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आव्हान पर वैक्सीनेशन महाअभियान में नगर परिषद बरही एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरही के द्वारा आज वैक्सीनेशन किया गया। जिसमें जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक श्रीमती नंदनी वाटिया के निर्देशन में जन अभियान परिषद के वॉलिंटियर्स ने भी अपना सहयोग दिया। साथ ही लोगों से आगे आकर अधिक वैक्सीन लगवाने के लिए आग्रह किया। वालंटियर ग्रुप के लीडर नवल चतुर्वेदी ने स्वयं वैक्सीन लगवाकर सभी वालंटियर को भी वैक्सिनेट कराया। साथ ही नवल चतुर्वेदी ने सभी वालंटियर के साथ नगर में शत प्रतिशत वैक्सीनेशन कराने का संकल्प लिया। इस दौरान वालंटियर ग्रुप के लीडर नवल सिंह चतुर्वेदी, नगर परिषद बरही से तीरथ चतुर्वेदी, कंप्यूटर ऑपरेटर रामलला तिवारी, शिवकुमार रॉय, अजय तिवारी, विकास पटेल, सत्यम मेहरा एवं अन्य वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे।

# आधार सेवा केन्द्र स्थापित करने ऑनलाइन आवेदन

**कटनी।** जिले में आधार सेवा केन्द्र स्थापित करने के लिये योग्य आधर सुपरवाईजर्स अपने आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये जिला ई-गवर्नेन्स सोसाईटी कार्यालय कटनी में कार्यालयीन समय व दिवसों में संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रबंधक ई-गवर्नेन्स सोसाईटी सौरभ नामदेव ने बताया कि आवेदक इस संबंध में निर्धारित शर्तों के अनुसार अपना आवेदन विभाग की वेबसाईट पर ऑनलाईन भर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन के पश्चात 7 कार्यालयीन दिवसों में कार्यालय जिला ई-गवर्नेन्स कटनी को सादे कागज में आवेदन पत्र के साथ ऑनलाईन आवेदन की प्रति, 50 रुपये का स्टाम्प पेपर निर्धारित प्रारुप में शपथ पत्र, ऑनबोर्डिंग फॉर्म, एनएचईआईटी सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, पैन कार्ड, दो फोटोग्राफ, बैंक पासबुक की फोटो कॉपी एवं वेरीफायर व स्थल का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके साथ ही आधार संबंधी सेवायें प्रदान करने हेतु आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता की जानकारी भी उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। निर्धारित समयावधि में दस्तावेज जमा ना करने की दशा में ऑनलाईन आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

# शहरी क्षेत्र के लिये बनाये गये 13 टीकाकरण केन्द्र

## पुरानी कचहरी और पंजाबी धर्मशाला में ऑनलाईन स्लॉट बुक कराने पर होगा वैक्सीनेशन,11 केन्द्रों पर ऑनस्पॉट वेक्सीनेशन की होगी व्यवस्था

**कटनी।** सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ही 21 जून से कटनी जिले में भी कोरोना वेक्सीनेशन का महा.अभियान प्रारंभ हुआ। अब इस अभियान के तहत 24 जून को जिले के निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों में सत्र आयोजित होंगे।

कोरोना टीकाकरण के इस महा अभियान में मिशन मोड पर जिले के अधिक से अधिक नागरिकों को कोरोना से बचाव के लिये सुरक्षा कवच के रुप में कोरोना का टीका लगाया जायेगा। यदि आप पात्र हैं, तो ना कतरायेंए ना घबरायेंए आधार कार्ड या शासन द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र लेकर अपने नजदीकी टीकाकरण केन्द्र पहुंचे और अपने परिवार व समाज को सुरक्षित रखने के लिये टीकाकरण करायें।

कटनी शहरी क्षेत्र के लिये जिला प्रशासन द्वारा 13 टीकाकरण केन्द्र स्थापित किये गये हैं। इनमें से 2 केन्द्रों में ऑनलाईन पंजीयन की भी व्यवस्था की गई है। इनमें पुरानी कचहरी और पंजाबी धर्मशाला शामिल है। यहां वेक्सीनेशन कराने के लिये आपको कोविन पोर्टल से ऑनलाईन स्लॉट बुक करना होगा।

ऑनलाईन स्लॉट बुक करने के लिये सेशन 23 जून की रात्रि 9 बजे से प्रारंभ होगा। शेष समस्त 11 केन्द्रों के पर ऑनस्पॉट रजिस्ट्रेशन के माध्यम से टीकाकरण कराया जा सकता है। पुरानी कचहरी परिसर वेक्सीनेशन सेन्टर में ऑनस्पॉट रजिस्ट्रेशन के माध्यम से वेक्सीनेशन के दूसरे डोज की व्यवस्था भी की गई है।

इन सभी निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों में 24 जून की सुबह 10 बजे से टीकाकरण का कार्य प्रारंभ होगा। फर्स्ट डोज के लिये ऑनलाईन पंजीयन की प्रक्रिया 23 जून की रात्रि 9 बजे से प्रारंभ होगी। आप कोविन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन स्लॉट बुक कर सकते हैं। शहरी क्षेत्र के लिये 24 जून को होने वाले टीकाकरण के लिये 13 केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। इनमें पुरानी कचहरी परिसर में ऑनलाईन पंजीयन के माध्यम से प्रथम और द्वितीय डोज का वेक्सीनेशन होगा। इसके अलावा ऑनसाईट पंजीयन के माध्यम से रेल्वे हॉस्पिटल, ऑर्डिनेन्स हॉस्पिटल, एसीसी हॉस्पिटल में वेक्सीनेशन होगा। इसके साथ ही गहोई धर्मशाला पुरानी बस्ती, झूलेलाल मंदिर माधवनगरए सेवा भारती सरस्वती स्कूल कटनी, तिलक कॉलेज कटनी, कृषि उपज मण्डी पहरुआ, नगर निगम जोन कार्यालय खिरहनी, बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम और रसकला संगीत कॉलेज कटनी में ऑनस्पॉट पंजीयन के माध्यम से टीकाकरण कराया जा सकता है।



**कटनी।** कोरोना वेक्सीनेशन महा-अभियान के तहत जिले में उत्साह और उमंग के साथ वृहद् स्तर पर कोविड-19 टीकाकरण का अभियान प्रारंभ हुआ। जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में टीकाकरण को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। जिले में राज्य शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य 10 हजार 320 के विरुद्ध 12 हजार 389 लोगों का वेक्सीनेशन कराया गया। जिले में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध शाम 5 बजे तक 120 प्रतिशत वेक्सीनेशन हुआ। इतना ही नहीं टीकाकरण कार्य अभी भी जारी है। समाचार लिखे जाने तक 12 हजार 337 लोगों की एन्ट्री कोविन पोर्टल पर की जा चुकी है। शेष एन्ट्री का कार्य हो रहा है।

# शाम 5 बजे तक 120 प्रतिशत से अधिक हुआ वेक्सीनेशन

## वेक्सीनेशन महा-अभियान को लेकर जिलेवासियों में दिखा खासा उत्साह

जिले में वेक्सीनेशन महा-अभियान के तहत 88 टीकाकरण केन्द्रों में बुधवार की सुबह 10 बजे से ही वेक्सीनेशन को लेकर लंबी कतारें देखने को मिलीं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण को लेकर लोगों में उत्साह दिखा।

शहरी क्षेत्र 2933, बड़वारा क्षेत्र में 760, बरही क्षेत्र में 660, बहोरीबंद क्षेत्र में 1582, ढीमरखेड़ा क्षेत्र में 1596, कन्हवारा क्षेत्र में 1501, रीठी क्षेत्र में 1762 और विजयराघवगढ़ क्षेत्र में 1595 लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये वेक्सीनेशन का सुरक्षा कवच दिया गया। कोविन पोर्टल पर 12 हजार 337 लोगों की ऑनलाईन एन्ट्री समाचार लिखे जाने तक हो चुकी हैं। शेष एन्ट्री का कार्य जारी है।

इसके साथ ही जिले में दो स्थानों पर मोबाईल वैन के माध्यम से भी वेक्सीनेशन का कार्य कराया गया। ढीमरखेड़ा क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य गांव कोसम घाट में मोबाईल वेक्सीनेशन टीम भेजकर 40 लोगों का वेक्सीनेशन कराया गया। यहां पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी ग्रामीण आदिवासियों को कोरोना टीकाकरण के प्रति प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें टीके के महत्व के विषय में भी बताया गया। उनके मन में व्याप्त भ्रमों का निदान भी उपस्थित प्रशासनिक टीम और जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया।

कटनी नगरीय क्षेत्र में भी कोढ़ी मोहल्ला और राजीव गांधी वार्ड सांई मंदिर के पास भी मोबाईल वैन भेजकर टीकाकरण का कार्य कराया गया। जहां पर 110 लोगों को कोविड का टीका मोबाईल यूनिट की टीम ने पहुंचकर लगाया। सुबह से ही कलेक्टर प्रियंक मिश्रा वेक्सीनेशन कार्य को लेकर जिले की पूरी टीम को निर्देशित करते रहे। उन्होने पूरी टीम को मुस्तैदी के साथ वेक्सीनेशन महा-अभियान में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिये निर्देशित किया। पल प्रतिपल की मॉनीटरिंग कलेक्टर श्री मिश्रा के द्वारा की गई। साथ ही समय समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश भी टीम को दिये गये। जिसके सार्थक परिणाम रहे कि सांय 5 बजे तक ही में जिले में लक्ष्य के विरुद्ध 120 प्रतिशत वेक्सीनेशन का कार्य हुआ।

सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे और अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो द्वारा भी सतत् रुप से अपने निर्धारित दायित्वों के अनुरुप कार्यो का संपादन किया गया। दोनों ही वरिष्ठ अधिकारी ग्राउण्ड लेवल टीम के संपर्क में रहे। कटनी नगर निगम क्षेत्र में नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे ने कमान संभाली। उन्होने अपनी टीम के साथ मोर्चा संभालते हुये एक-एक टीकाकरण केन्द्र की सघन मॉनीटरिंग की और आवश्यक निर्देश भी संबंधितों को दिये।

एसडीएम रोहित सिसोनिया, बलबीर रमन, सपना त्रिपाठी और प्रिया चन्दावत के द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों में वेक्सीनेशन के लिये द्रुत गति से कार्य किया गया। वहीं सीईओ जनपद प्रदीप सिंह, प्रभा तेकाम, विनोद पाण्डेय, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, मीना कश्यप और राजेश सिंह ने भी मुस्तैदी से अपने क्षेत्रों में वेक्सीनेशन को लेकर कार्य किया गया। वहीं एसडीएम द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों के निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश भी संबंधितों को दिये।

# राष्ट्रवाद के लिए त्याग की प्रतिमूर्ति थे डॉ. श्यामाप्रसाद

### बलिदान दिवस पर भाजपाजनों ने किया पौधरोपण



**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी आज जिस मुकाम पर है वह हमारे वरिष्ठों के बलिदान के कारण है। प्रखर राष्ट्रवाद के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले डॉ. श्यामाप्रसाद जी मुखर्जी का व्यक्तित्व हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। हम सभी नतमस्तक हैं। यह विचार भाजपा जिला कार्यालय के समीप दीनदयाल उद्यान में श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने व्यक्त किये। इससे पूर्व सभी भाजपाजनों ने डॉ. श्यामा प्रसाद जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। भाजपा के संगठनात्मक कार्यक्रम जन सेवा के कार्य एक माह तक चलेंगे। इस अवसर पर मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि श्यामाप्रसाद जी की एक देश एक विधान एक निशान ने पूरे भारत मे राष्ट्रवाद की भावना जागृत की आज जब जम्मू कश्मीर में धारा 370 समाप्त का स्वप्न प्रधानमंत्री जी ने पूरा किया हमे गर्व है। पूर्व मंत्री श्रीमती अलका जैन ने कहा कि हमें गर्व है हम उस पार्टी के कार्यकर्ता हैं जिसमे श्यामा प्रसाद जी जैसे व्यक्ति ने अपना सर्वश्व न्योछावर कर दिया। अपने विचार रखते पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, निवर्तमान महापौर शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि श्यामाप्रसाद जी के बलिदान को भारत की मोदी जी की नेतृत्व वाली सरकार ने व्यर्थ नहीं जाने दिया। हम सब राष्ट्र की हर सेवा के लिए तैयार हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ममता पटेल ने भी इस मौके पर अपने विचार रखे। अगले एक सप्ताह तक बूथ स्तर पर पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम चलाया जाएगा, प्रत्येक बूथ पर भाजपा कार्यकर्ताओं 11 पौधे लगाए जाएंगे। समस्त मण्डल अध्यक्ष इस कार्य का मार्गदर्शन करें प्रत्येक बूथ में पौधे रोपण कार्यक्रम संचालित हों।

**श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध
**डॉ. बलदेव सिंह**
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध
**डॉ. गगन सोनी**
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे | डॉ. कनिका अग्रवाल | डॉ. आबिर हुसैन | डॉ. अनिमेश गुप्ता
दवाईयां एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग

उपलब्ध विभाग — हेल्पलाईन नं. 8982275111 — उपलब्ध सुविधायें
- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

भर्ती मरीजों के लिए नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था
सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरुवार, 24 जून 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper



# जागरूकता की मिसाल बने आदर्श और उनके मित्र

## टीकाकरण के लिये 70 लोगों को प्रेरित कर करवाया वेक्सीनेशन



### संकल्प पर अभी नहीं लगा विराम, अधिक से अधिक लोगों का करायेंगे टीकाकरण - आदर्श

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा कोरोना संक्रमण से बचाव की दिशा में वेक्सीनेशन को लेकर प्रारंभ किया गया कैम्पेन अपने आप मे अनूठा कैम्पेन है। कोरोना वेक्सीनेशन महा अभियान, वो जन अभियान है, जिसके माध्यम से आमजन में कोरोना टीकाकरण को लेकर व्याप्त भ्रांतियों को जहां दूर किया जा रहा है। वहीं सामाजिक सहभागिता के साथ अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण कराकर उन्हें कोरोना से इस लड़ाई में सुरक्षा कवच प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज चौहान ने इस अभियान की सफलता के लिये जन-जन से सहयोग मांगा। उन्होने अपील करते हुये सभी से इस अभियान में जुटने और इसे जन-अभियान बनाने की बात कही। जिले में वेक्सीनेशन को लेकर प्रारंभ हुआ यह अभियान अब जन-अभियान बनता हुआ नजर आ रहा है। इसे महज हम इस उदाहरण से ही समझ सकते हैं कि बुधवार 23 जून को वेक्सीनेशन महा-अभियान के तहत जिले में हुये टीकाकरण में ढीमरखेड़ा विकासखण्ड के ग्राम सिमरिया निवासी आदर्श ज्योतिषि और उनकी मित्र मण्डली ने अधिक से अधिक टीकाकरण कराने का प्रण लिया। अपना संकल्प पूरा करने के लिये उन्होने जी-जान से मेहनत की। अपने आस-पड़ोस और फ्रेण्ड सर्किल के लोगों के घरों में जाकर उन्हें वेक्सीनेशन का महत्व बताया और बुधवार को ढीमरखेड़ा टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर टीकाकरण कराने की अपील की। आदर्श के द्वारा प्रेरित किये गये संतराम पटैल, नारायण परौहा, मनीष पुरी, शिवम यादव, मद्धू सेन, गणेश बर्मन, शिवम पटेल, अनीता शुक्ला, शुभम पाण्डेय, ललन बाई, राजेन्द्र तिवारी, विनोद ज्योतिषि, अमित महोबिया, रविशंकर, शिवम दुबे, अंजलि दुबे, प्रांजलि, विकास, अमित गर्ग, सिद्धार्थ, मुन्ना पटेल, रोशनी लखेरा, गीता रजक, किशन दाहिया, शिवानी रजक और तुलसी विश्वकर्मा सहित 70 लोगों के द्वारा टीकाकरण कराया गया है। अपने मित्रों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुये आदर्श ने कहा कि अंशुल, सिद्धार्थ, पुरुषोत्तम, जितेन्द्र, रमेश, ओंकार, पुष्पेन्द्र मेरे सभी मित्रों ने जनहित के इस कार्य में मेरा सहयोग किया। मैं सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। हमारी टीम आगे भी इस कार्य में तत्परता से जुटी रहेगी।



# 84 वर्षीय घई दम्पत्ति ने निभाई अपनी जिम्मेदारी

**कटनी।** जिले में कोरोना वेक्सीनेशन अभियान के तहत बुधवार को भी वृहद् स्तर पर वेक्सीनेशन किया गया। जिले में वेक्सीनेशन को लेकर खासा उत्साह आमजन में देखने को मिला। जिला प्रशासन द्वारा भी प्रत्येक टीकाकरण केन्द्र पर बेहतर व्यवस्थायें की गईं। पुरानी कचहरी सेन्टर पर 84 वर्षीय घई दम्पत्ति भी उत्साह के साथ कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये अपना सुरक्षा कवच लेने पहुंचे। जहां बृजभूषण लाल घई और राजरानी घई ने टीकाकरण कराया। टीकाकरण केन्द्र में बुजुर्ग दम्पत्ति के लिये क्यूलेस व्यवस्था स्थापित की गई। उन्हें बाहर व्यवस्थित रुप से बैठाकर नर्स द्वारा बाहर ही दोनों का वेक्सीनेशन किया गया। श्री बृजभूषण और श्रीमति राजरानी ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की।

# स्वचेतना से पिंडरई निवासी 86 वर्षीय गोविन्द पहुंचे टीकाकरण केन्द्र

### कराया वेक्सीनेशन, पाया अपना सुरक्षा कवच

**कटनी।** कोरोना वेक्सीनेशन महा-अभियान के तहत बुधवार 23 जून को वेक्सीनेशन का कार्य कैम्पेन मोड पर पूरे जिले में चल रहा है। जिले में 88 टीकाकरण केन्द्र बनाये गये हैं। 26 टीकाकरण केन्द्र शहरी क्षेत्र में स्थापित किये गये हैं। वहीं 62 टीकाकररण केन्द्रों को ग्रामीण क्षेत्रों में भी बनाया गया है। ग्रामीणों में टीकाकरण को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है। इसी का सजीव उदाहरण है कि 86 वर्षीय गोविन्द तिवारी अपने नजदीकी टीकाकरण केन्द्र पर पहुंचे और उन्होने वेक्सीनेशन कराते हुये अपना सुरक्षा कवच पाया। श्री तिवारी ढीमरखेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पिंडरई के निवासी हैं। वे इसके पहले अपने गांव में सरपंच भी रह चुके हैं। 86 वर्षीय गोविन्द तिवारी ने अपना अनुभव साझा करते हुये बताया कि मैने स्वयं वेक्सीने लगवाई। मुझे किसी भी तरह की समस्या नहीं हुई। मैं और भी लोगों को लेकर आया हूं। उन सब ने भी वेक्सीन लगवाई है। यह पूर्णतः सुरक्षित है। वेक्सीनेशन महा-अभियान शासन की एक अच्छी पहल है। मैं सभी से अपील करता हूं कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये वेक्सीनेशन करायें। इस अभियान को सफल बनायें। खुद सुरक्षित हों, परिवार को सुरक्षित करें और समाज को भी सुरक्षित करें। श्री तिवारी ने युवाओं को सन्देश देते हुये कहा कि जब 86 वर्ष की उम्र में निःसंकोच बिना डरे मैने वेक्सीनेशन कराया, तो आप क्यों डरते हैं। आप भी आगे आयें और अपना वेक्सीनेशन कराकर कोरोना की इस लड़ाई में अपना सुरक्षा कवच पायें।



# सावित्री ने निभाई अच्छी देवरानी की जिम्मेदारी

## 70 वर्षीय जेठानी कमला रजक को लेकर पहुंची टीकाकरण केन्द्र



**कटनी।** वेक्सीनेशन महा-अभियान ने जहां लोगों में टीकाकरण को व्याप्त भ्रांतियां दूर की हैं। वहीं जनजागरुकता की ऐसी लहर शुरु की है जिसके दूरगामी परिणाम भी देखने को मिलेंगे। प्रचार-प्रसार और जागरुकता की लहर के सार्थक परिणाम बुधवार 23 जून को भी देखने को मिले। कोरोना टीकाकरण कराने के लिये एक देवरानी अपनी 70 वर्षीय जेठानी को टीकाकरण केन्द्र लेकर पहुंची और कोरोना का सुरक्षा कवच दिलाया। यह वाक्या है कोविड-19 टीकाकरण केन्द्र नगर निगम कटनी का। जहां वेक्सीनेशन महा-अभियान के तहत बुधवार को टीकाकरण किया जा रहा था। इस दौरान मिशन चौक निवासी सावित्री रजक अपनी बड़ी जेठानी कमला रजक को लेकर टीकाकरण केन्द्र पहुंचीं। जहां उन्होने उनका वेक्सीनेशन कराया।

सावित्री रजक ने बताया कि जब मुझे पता चला कि 23 जून को हमारे क्षेत्र में नगर निगम में कोरोना का टीका लगने वाला है। तो हमने पहले ही मन ठान लिया कि इस बार कोरोना का टीका लगवाना है। बुधवार को अपनी जेठानी को लेकर टीकाकरण केन्द्र पहुंचे और वहां मैने अपनी जेठानी को कोराना का टीका लगवाया। पहले लोग टीके के नाम से डराते थे। लेकिन मैने खुद टीका लगवाया। मुझे बेहतर अहसास हुआ है। इसलिये मैं अपनी 70 वर्षीय जेठानी कमला जी को भी लेकर आई और उनको भी टीका लगवाया। यह पूर्णतः सुरक्षित है। आप भी किसी का बातों में न आयें, कोरोना से सुरक्षा के लिये टीकाकरण जरुर करायें।

# आंखों की रोशनी खोकर भी सुनील दिखा रहे हैं समाज को रास्ता

### कहा नेत्रों से दिव्यांग होकर मैने कराया वेक्सीनेशन, आप भी आयें, अपनों की सुरक्षा के लिये लगवायें टीका



**कटनी।** कोरोना संक्रमण से बचाव का सशक्त हथियार, आपकी सतर्कता और आपकी जागरुकता है। कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करके जहां अपने आप को कोविड संक्रमण से बचाने की दिशा में सार्थक प्रयास कर सकते हैं। वहीं कोविड-19 वेक्सीनेशन कराकर आप अपना सुरक्षा कवच पा सकते हैं। कोरोना एक संक्रामक बीमारी है। इसके लिये जरुरी है कि सभी लोग अपनी जिम्मेदारी को समझें और आगे बढ़कर अपना वेक्सीनेशन करायें। अपने परिवार और अपने समाज के लिये आगे बढ़कर यह जिम्मेदारी निभाई है कटनी निवासी सुनील माखीजा ने। युवा सुनील नेत्रों से दिव्यांग हैं, लेकिन अपने परिवार और अपने आस-पास के लोगों की सुरक्षा के लिये वे आगे बढ़े और आत्मसंबल के साथ पंजाबी धर्मशाला में वेक्सीनेशन महा-अभियान के तहत स्थापित किये गये टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर टीकाकरण कराते हुये अपना सुरक्षा कवच पाया। अपने अनुभव साझा करते हुये सुनील ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान उनकी आंखों की रौशनी चली गई है। इसके बावजूद आज मैं अपने और अपने परिवार को सुरक्षित रखने के लिये टीकाकरण केन्द्र आया हूं। जहां पर मैने कोविड-19 का वैकसीन लगवा लिया है। सुनील ने अपील करते हुये कहा कि यह टीका जिंदगी का टीका है। हमें अपने स्वयं की जिम्मेदारी समझनी होगी। तभी हम स्वयं को, अपने परिवार, समाज और देश को इस संक्रामक महामारी से सुरक्षित रखने सफल हो सकेंगे। जब मैने टीकाकरण कराया है, तो आप भी आगे आयें। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये अपना और अपने परिवार का टीकाकरण जरुर करायें।

# अधिकांश टीकाकरण केन्द्रों में चार घंटे में ही लक्ष्य पूरा





### उत्साह के साथ लाभार्थियों नें पाया सुरक्षा कवच

**कटनी।** कोरोना वैक्सीनेशन महा-अभियान के तहत नगर स्थापित 26 टीकाकरण केन्द्र स्थापित किये जाकर वैक्सीनेशन का कार्य कराया गया। नगर के अधिक से अधिक नागरिकों को कोरोना महामारी का सुरक्षा कवच प्राप्त हो सके इस हेतु जिले के वरिष्ठ अधिकारियों सहित निगमायुक्त सत्येन्द्र सिह घाकरे द्वारा प्रत्येक टीकाकरण केन्द्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जाकर आवश्यक निर्देश प्रदान किये गए। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में प्रातः से ही टीकाकरण कार्य में संलग्न निगम के गठित दल के अधिकारी कर्मचारी अपनें वार्डो के प्रेरकों जनप्रतिनधियों, वार्ड स्तर पर गठित क्रायसिस मैनेजमेंट समिति के सदस्यों के साथ वार्ड की गलियों में नागरिकों को प्रेरित करते नजर आये। जिसके परिणाम स्वरूप टीकाकरण केन्द्रों में प्रातः से ही उत्साह का माहौल देखनें को मिला और लाभार्थियों नें टीकाकरण केन्द्रों में प्रातः से ही उपस्थित होकर निःशंकोच बिना किसी डर भय के वैक्सीनेंशन कराया और इस हेतु नागरिकों को भी प्रेरित किया। नगर निगम कार्यालय में स्थापित किये गए नवीन टीकाकरण केन्द्र में आज प्रातः आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण कराया गया। नागरिकों द्वारा जागरूकता के परिचय देते हुए प्रातः से दोपहर 4 बजे तक 99 लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया।

### मोबाईल वैन में मिली सुविधा

जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर के चिन्हित 26 टीकाकरण केन्द्रों के अतिरिक्त मोबाईल वेन के माध्यम से भी नगर के विभिन्न स्थलों में पहुंचकर नागरिकों को टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध करानें के प्रयास किये गए। जिसके तहत आज मोबाईल वेन के माध्यम से बी.डी. अग्रवाल वार्ड स्थित स्टेशन रोड कोढी मोहल्ला तथा राजीव गांधी वार्ड स्थित सांई मंदिर के पास मोबाईल वेन के माध्यम से लगभग एक सैकडा से भी अधिक लोगों को कोविड -19 महामारी का टीकाकरण किया जाकर सुरक्षा कवच प्रदान किया गया। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें नागरिकों से दिनांक 21 जून से 30 जून तक चलनें वाले कोविड -19 महा-अभियान के तहत अपनें नजदीकी टीकाकरण केन्द्र में पहुंचकर स्वये का वैक्सीनेशन करानें तथा इस हेतु दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की है।

# रक्तदान शिविर का आयोजन 26 जून को



**कटनी।** अतिरिक्त जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कस्तवार ने बताया कि 26 जून को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रशासनिक न्यायमूर्ति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर एवं कार्यपालिक अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य विधिक से प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी द्वारा आयोजित किये जा रहे इस रक्तदान शिविर में नागरिकों से सम्मिलित होकर रक्तदान करने की अपील की गई है।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

# जिले में अब तक कुल 107.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 23 जून 2021 तक 107.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गतवर्ष इस अवधि में 112.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गौरतलब है कि जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 23 जून 2021 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र कटनी में 49.2 मिलीमीटर, रीठी में 66.7, बड़वारा में 95.0, बरही में 259.0, विजयराघवगढ़ में 166.0, बहोरीबंद में 93.3, स्लीमनाबाद में 77.0 और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 57.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### बीते 24 घंटों में 0.9 मिलीमीटर औसत वर्षा

जिले में बीते 24 घंटे में जिले की तहसीलों के वर्षामापी केन्द्रों मे औसतन 0.9 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज हुई। जिसमें तहसीलवार 23 जून को हुई वास्तविक वर्षा के अनुसार कटनी, रीठी, बड़वारा, बरही, विजयराघवगढ़ और स्लीमनाबाद में निरंक वर्षा दर्ज की गई है। वहीं बहोरीबंद में 4.7 और ढीमरखेड़ा में 3.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

# शिक्षकों की क्रमोन्नति सूची जारी करने उठी आवाज

**कटनी।** जिले के शिक्षकों की लंबित क्रमोन्त्ति सूची, विगत कई वर्षो से जारी न होने से शिक्षकों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। इसी बात क़ो लेकर अनेकों अनेक शिक्षकों ने संयुक्त मोर्चा संघ से शिक्षकों के हित से जुड़ी इस लंबित मांग को उठाने का आग्रह किया है। शिक्षकों की वर्षो से लंबित पड़ी फाईल क़ो आगे बढ़ाने कि मूल मंशा से प्रवक्ता मार्तण्ड सिंह राजपूत ने इस संदर्भ में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमतिशशि वाला झा से चर्चा कर शिक्षकों क़ो 12.24 और 30 वर्षो की सेवा उपरांत मिलने वाली क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय क्रमोन्ति देने की मांग किये। उन्होंने बताया कि क्रमोन्ति वेतन मान पाना शिक्षकों का जायज हक है, किन्तु इस लाभ क़ो देने में शिक्षा विभाग के जवाबदार अधिकारी-कर्मचारी जिस तरह की लेट. लतीफी का नमूना पेश करते हैं। उससे अनेकों अनेक शिक्षक पात्र होते हुये भी बगेर लाभ पाये सेवा निवृत्त हो रहे हैं। प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ पाने के लिये जिस तरह जिले के शिक्षक अपने विभाग की ओर बर्षो से टकटकी लगाये देख रहे हैं, वह निःसन्देह दुर्भाग्यपूर्ण पूर्ण पहलू है। और उससे मानो यह प्रतित होता किए क्रमोन्ति का लाभ पाना शिक्षक संवर्ग का अधिकार नहीं एअपितु विभाग की कृपा है। स्पष्ट किया गया है कि अनेकों अनेक संघ के नेतृत्वकर्ताओं द्वारा लगातार वर्षो से प्रयास करने के बाद भी जब इस अधिकार से शिक्षकों क़ो वंचित रखकर शिक्षा विभाग उनके धैर्य की परीक्षा लेने और उनका माखौल बनाने में ही सकून का अनुभव करता है।

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षो में BSc. नर्सिंग करें।

| क. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर



# पेवर ब्लाक फ्लोरिंग में बाधा बना अतिक्रमण

## सरपंच,सचिव ने तहसीलदार को लिखा पत्र

**रीठी/कटनी।** विकास कार्यों में हमेशा अछूती रही रीठी ग्राम पंचायत में यदि गाहे-बगाहे एकाध विकास कार्य शुरु हो भी जाएं तो कुछ न कुछ रोड़ा जरूर खड़ा हो जाता है। ऐसा ही एक ताजा मामला रीठी जनपद मुख्यालय का सामने आया है। बताया गया कि ग्राम पंचायत रीठी द्वारा नगर के हृदय स्थल कहे जाने वाले गोलबाजार परिसर में पेबर ब्लाक निर्माण कार्य की तकनीकी शाखा जनपद पंचायत रीठी से स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके परिपालन में निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत रीठी द्वारा कार्य शुरू भी कर दिया गया है। लेकिन निर्माण कार्य में अवैध कब्जा रोड़ा बन रहा है। रीठी ग्राम पंचायत ने तहसीलदार को पत्र लिखकर निर्माण कार्य में बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। रीठी ग्राम पंचायत द्वारा तहसीलदार को सौंपे गए पत्र में बताया गया है कि रीठी के गोल बाजार परिसर मे पेबर ब्लाक निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली थी। जिसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। लेकिन अतिक्रमण के कारण निर्माण एजेंसी को क्षेत्रीय स्तर पर कार्य करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### वादा खिलाफी कर रहे अतिक्रमणकारी

रीठी तहसीलदार का ध्यान आकर्षित कराते हुए ग्राम पंचायत के प्रधान व सचिव ने बताया कि माह दिसंबर 2020 में शासन स्तर से अतिक्रमण हटाए जाने का अभियान चलाया गया था। कार्रवाई के दौरान रीठी के गोल बाजार परिसर में अतिक्रमणधारियों द्वारा रीठी तहसीलदार राजेश पांडे के समक्ष वादा किया गया था कि हम अपनी स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लेंगे। लेकिन अतिक्रमणकारीयों द्वारा आज दिनांक तक अपना बेजा कब्जा नहीं हटाया गया। वहीं जनमानस में भेदभाव की भावना भी बनी हुई है और निर्माण एजेंसी को कार्य करने में परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है।

### फिर लग गये टीन शेड

गौरतलब है कि रीठी में माह दिसंबर 2020 में तहसीलदार द्वारा अतिक्रमण के विरूद्ध की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई बेमानी साबित हो रही है। उक्त कार्रवाई में जहां अस्थायी कब्जा धारी रोजमर्रा की चीजें बेचने वाले कई गरीबों के रोजगार छिन गये तो वहीं दूसरी ओर स्थाई कब्जाधारियों टीन शेड लगाकर फिर से कब्जा करना शुरू कर दिया है। देखा गया कि कार्रवाई के दौरान स्थाई कब्जाधारियों द्वारा दुकान के बाहर लगाए गए टीन शेडों को अलग कर दिया गया था। लेकिन अब पुनः दुकानों के बाहर टीन शेड लगना शुरू हो गये हैं।



# आसमान में आज नजर आएगा स्ट्रॉबेरी रोज और हनी मून

### खगोलीय घटना का शाम 7 बजे कर सकेंगे दीदार

**कटनी। आज ज्येष्ठ पूर्णिमा का चंद्रमा विशाल आकार में दिखाई देगा। शाम करीब 7 बजे पूर्व दिशा में जब चंद्रमा उदित होगा, तो उसका आकार सामान्य पूर्णिमा के चंद्रमा की तुलना में बड़ा होगा और चमक भी अधिक होगी। आज अपने घर-आंगन से इस अद्भुत खगोलीय घटना का दीदार किया जा सकता है। सुपरमून को यादगार बनाने क्षितिज से उदित हो रहे चंद्रमा की फोटोग्राफी की जा सकती है। मून इलुजन की घटना के कारण चंद्रमा विशाल गोले के रूप में दिखेगा। इस सुपरमून की फोटोग्राफी कर सकते हैं।**

बताया जाता है कि यह खगोलीय घटना सुपरमून कहलाती है। यह इस साल का तीसरा सुपरमून होगा। ज्येष्ठ पूर्णिमा के इस मून को पश्चिमी देशों में स्ट्रॉबेरी की हार्वेस्टिंग का मौसम होने के कारण स्ट्रॉबेरी मून नाम दिया गया है। इसे हनी मून भी कहते हैं, क्योंकि इस समय वहां हनी हार्वेस्ट करने के लिये तैयार हो जाता है। यूरोपीय देशों में जून्स फुलमून भी नाम दिया जाता है। पश्चिमी देशों में इसे रोजमून भी कहा जाता है। इसका यह नाम उदित होते फुलमून की लालिमा के कारण तथा कुछ क्षेत्रों में इस समय खिलने वाले गुलाब के कारण दिया गया है। चंद्रमा पृथ्वी की परिक्रमा अंडाकार पथ पर करते हुए 3,61,885 किमी से कम दूरी पर रहता है तो उस समय पूर्णिमा का चांद सुपरमून कहलाता है। यह माइक्रोमून की तुलना में 14 प्रतिशत बड़ा और 30 प्रतिशत ज्यादा चमकदार दिखता है। बताया जाता है कि सुपरमून को यादगार बनाने क्षितिज से उदित हो रहे चंद्रमा की फोटोग्राफी की जा सकती है। मून इलुजन की घटना के कारण चंद्रमा विशाल गोले के रूप में दिखेगा।

### क्या होता है सुपरमून

बताया जाता है कि चंद्रमा पृथ्वी की परिक्रमा गोलकार पथ में नहीं करता। यह अंडाकार पथ में घूमते हुए जब पृथ्वी के सबसे नजदीक होता है, इसे पेरीजी कहते हैं। जब पूर्णिमा और पेरिजी की घटना एक साथ होती हैं तो वह सुपरमून होता है। पृथ्वी के पास आ जाने के कारण यह अन्य माइक्रोमून पूर्णिमा की तुलना में 14 प्रतिशत बड़ा और 30 प्रतिशत अधिक चमकदार दिखाई देता है। बताया जाता है कि 1948 को पड़े सुपरमून के बाद चंद्रमा और पृथ्वी के बीच सबसे कम दूरी का अनुभव करने के लिए 25 नवम्बर 2034 तक का इंतजार करना होगा।

**टीकाकरण केंद्रों में सेल्फी पॉइंट बने आकर्षण का केंद्र**

# कोरोना का टीका लगवाने ग्रामीणों को जागरूक कर रही एसीसी की टीम





**कैमोर।** राज्य शासन द्वारा चलाये जा रहे टीकाकरण के महाअभियान में कैमोर स्थित एसीसी सीमेंट वर्क्स का भी भरपूर सहयोग शासन को मिल रहा। प्लांट डायरेक्टर के आर रेड्डी एवं हेड एच आर एच पी सिंह के मार्गदर्शन में एसीसी ट्रस्ट की टीम ग्रामीण क्षेत्रों में सघन सम्पर्क कर ग्रामीणों को कोरोना रोधी वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित कर रही। यह टीम के प्रयासों का ही परिणाम है कि महाअभियान के पहले और दूसरे दिन बड़ारीएखरखरीएनन्हवारा आदि ग्रामो में बने केंद्रों में लक्ष्य से भी अधिक लोगों को टीके लगाए गए हैं। बताया गया कि 21 जून को टीकाकरण महाअभियान शुरू होने के दो दिन पूर्व से है एसीसी ट्रस्ट की टीम ने ग्रामीण अंचलों में इसका प्रचार प्रसार शुरू कर दिया था। टीम के सदस्य ग्रामीणों से मिलकर उन्हें टीके का महत्व बता रहे साथ ही ग्राम वासियों को भरोसा दिलाया जा रहा कि टीका ही कोरोना से बचने का एक मात्र उपाय है। एसीसी के सी एस आर हेड एनेट एफविश्वास के नेतृत्व में अमित सोनीएअमित बागए पीयूष लालएमोहसिनाए अनूपएअयोध्याए परमएपूजा तिवारीएउमाकांतएसरपंच चमन दहिया आदि के इन्ही प्रयासों के चलते अमहटा स्कूल के केंद्र में पहले ही दिन 446 लोगों को कोरोना का टीका लगा। अभियान के दूसरे दिन नन्हवारा में 163 तथा खरखरी में 151 लोगों ने टीके लगवाये। टीकाकरण में एसीसी ट्रस्ट की ओर से मिल रहे इस सहयोग पर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने ट्वीट करके इसकी सराहना की है। बताया गया कि एसीसी ट्रस्ट की ओर से ग्रामीण केंद्रों में विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। केंद्रों में थर्मल स्क्रीनिंगएए मास्क वितरणएएसोशल डिस्टेंन्सिंग और सेनेताईजेशन का भी ध्यान रखा जा रहा। सभी केंद्रों में सेल्फी पॉइंट बनाये गए हैं जहां ग्रामीण टीका लगवाने के बाद सेल्फी लेकर शोसल मीडिया में शेयर कर रहे।



# अभियुक्त को न्यायालय भेजते समय चेक लिस्ट का रखें ध्यान

### गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की प्रक्रिया, शक्ति एवं दायित्व पर कार्यशाला

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी की उपस्थिति में गिरफ्तार एवं निरोध की दशा में पुलिस की प्रक्रिया, शक्ति एवं दायित्व के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अरनेश कुमार विरुद्ध स्टेट या ऑफ बिहार में सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों के संबंध में मुख्य जिला न्यायाधीश एवं अन्य न्यायाधीशों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। पुलिस को आने वाली समस्याओं का समाधान किस प्रकार किया जाना चाहिए इस पर चर्चा करने के साथ ही ऐसे प्रकरणों की बारीकियों की गहन समीक्षा की गई। सात वर्ष के कारावास से कम दण्डित अपराध में गिरफ्तारी न की जाए, गिरफ्तारी करने या न करने की दशा में केस डायरी में कारणों का विस्तृत ब्यौरा दर्ज किया जाए। अभियुक्त को न्यायालय भेजते समय चेक लिस्ट आवश्यक रुप से संलग्न की जाए। चेक लिस्ट के 18 बिंदुओं में जो बिंदु लागू होते हों, उन्हें कारण सहित लेख किया जाए। धारा 41-1 क दंप्रस का नोटिस विहित प्रारुप में दिया जाए। पुलिस अधिकारी विधि का पालन करने के लिए भय और दबाव से मुक्त रहें। यह बात कार्यशाला में कही गइ। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश एससी एसटी संजीव पांडेय, कुटुम्ब न्यायाधीश आर पी सोनी, एडीजे राजे कुमार श्रीवास्तव, अनिल कुमार, अभिषेक सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, इरशाद अहमद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट इंदुकात तिवारी, डीआर राघवेंद्र पटैल, कृष्ण बुखारिया, लोक अभियोजक रजनीश सोनी, अपर लोक अभियोजक एवं अभियोजका अधिकारी अभिषेक मल्होत्रा, संजय पटेल, आशुतोष द्विवेदी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला, एसडीओपी स्लीमनाबाद मोनिका तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक शालिनी परस्ते, समस्त थाना प्रभारियों की उपस्थिति रही। संचालन जिला अभियोजन अधिकारी हनुमंत किशोर व आभार पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने व्यक्त किया।

# उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक

### विद्यालय में कक्षों के संधारण सहित अन्य विषयों पर लिये गये निर्णय



**कटनी।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान पूर्व बैठक का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। वहीं नवीन एजेण्डानुसार प्रस्तावित कार्यों के संबंध में भी विस्तृत चर्चा बैठक में की गई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में विद्यालय की बाउण्डरी वॉल की उंचाई बढ़ाने एवं कैमेस्ट्री लैब स्थापित करने का कार्य नगर निगम को सौंपा गया। वहीं विद्यालय के 3 कक्षों की मरम्मत का कार्य भी जनभागीदारी से कराने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में जनभागीदारी शुल्क को लेकर भी चर्चा की गई। जिस पर इसमें वृद्धि करने का निर्णय भी समिति में पारित किया गया। इस अवसर पर समिति सदस्य सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे, जिला शिक्षा अधिकारी, सदस्य सचिव विभा श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित सदस्य भी मौजूद रहे।

# राजा सरजू प्रसाद के प्राचीन किले में किया योग



**विजयराघवगढ़।** सातवे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र के विजयराघवगढ़ स्वयं सेवकों द्वारा राजवंश की धरोहर राजा सरजू प्रसाद के प्राचीन किले प्रांगण में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं द्वारा साथ मिलकर योग करे योग रहे निरोग संदेश के साथ पत्रकार समाज सेवी संस्थान के सदस्य एवं क्षेत्रीय युवाओं के साथ महक बड़गैया, आदित्य दुबे, हर्ष नामदेव, अनुप्रिया सोनी, साक्षी, पलक, कृष्णा, सत्यम, सुप्रिया सोनी सहित नगर के युवाओं की उपस्थिति रही।

### कारीतलाई में मनाया गया योग दिवस

सातवे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विजयराघवगढ़ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कारी तलाई में योग दिवस के अवसर पर कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए ग्रामीण युवा युवतयों द्वारा योगाभ्यास किया गया, जिसमें अभिलाषा दुबे द्वारा लोगों को योगाभ्यास करने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर पंकज गौतम, महेश साहू, प्रशांत गौतम, बालचंद पटेल, जीवन तिवारी, संत कुमार नाई, कामता बर्मन सहित ग्रामीण युवाओं की उपस्थिति रही।



# अवैध शराब के ठिकानों पर पुलिस की दबिश

**भारी मात्रा में शराब बरामद, आधा दर्जन से ज्यादा गिरफ्तार**

**कटनी। अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत पुलिस ने डेढ़ दर्जन ठिकानों में दबिश देकर कच्ची व देशी मदिरा सहित आरोपियों को पकड़ा है। कच्ची और देशी मिलाकर कुल साढ़े 13 हजार की मदिरा पुलिस द्वारा जब्त की गई है।**

कोतवाली पुलिस ने आधारकाप में लाइन के किनारे आशीष चौधरी से दो लीटर, माधवनगर पुलिस ने गुलवारा में सूरज अग्रवाल से दो लीटर, कुठला थाना क्षेत्र के बिलहरी चौकी पुलिस ने मतवारी में सुशील मांझी से दो लीटर, ग्राम करहैया में संदीप नरगड़िया से चार लीटर, गनियारी में प्रेम लाल बर्मन से 15 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई है। इसी तरह स्लीमनाबाद पुलिस ने बंधी धूरी में सतीश यादव से दो लीटर, विजयराघवगढ़ के खिरवा तिराहा सिनगौड़ी में विश्राम कोल से पांच लीटर, कैमोर पुलिस ने खिरवा नंबर दो में लवकुश चौधरी से दो लीटर, बड़वारा पुलिस ने गुड़ाकला में लवकुश चौधरी से पांच लीटर व बाकल पुलिस ने ग्राम साड़ा में धीरेंद्र यादव से तीन लीटर कच्ची शराब जब्त की है। शराब के गोरखधंधे में अब महिलाएं भी उतर आई हैं। बिलहरी पुलिस ने मतवारी हार में पार्वती मांझी से दो लीटर, ग्राम कैमोरी में देवकलिया बाई मांझी से तीन लीटर कच्ची शराब जब्त करने के साथ ही लाहन में नष्ट कराया है। एनकेजे पुलिस ने बड़ी खिरहनी में राज कुमारी निषाद से दो लीटर, विजयराघवगढ़ के ही ग्राम बरहटा में मखमली पारधी से पांच लीटर कच्ची मदिरा जब्त की है। इसी तरह पुलिस ने आठ हजार की देशी शराब जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है। कुठला पुलिस ने ग्राम गनियारी में राजकुमार हल्दकार के कब्जे से 20 पाव मसाला, आदिवासी मोहल्ला बिलहरी में सतीश चौरसिया से 24 पाव मसाला, बरयारपुर में रोहित आदिवासी से 17 पाव देशी मसाला व ग्राम कैमोरी में गुलाबरानी सोनकर से 22 पाव देशी प्लेन मदिरा जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की है।

### मझगवां में अवैध रूप से बिक रही शराब

बताया जाता है कि कटनी-शहडोल राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम मझगवां में कई जगह अवैध रूप से देशी शराब की बिक्री की जा रही है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि मझगवां में सिर्फ अंग्रेजी शराब का ठेका है। इसके बावजूद कतिपय लोगों द्वारा खुलेआम पुलिस की मिलीभगत से देशी शराब का विक्रय किया जा रहा है।

# टीकाकरण केन्द्रों में व्यवस्थाओं का निरीक्षण





**कटनी।** कोविड वैक्सीनेशन महा-अभियान योजना के अंतर्गत नगरपालिक निगम सीमा क्षेत्र में कोविड-19 टीकाकरण 26 केन्द्रों में कराया जाना है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिह धाकरे ने टीकाकरण केन्द्रों में नगर निगम से संबंधित आवष्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने एवं निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित कराने का दायित्व अशफाक परवेज, उपायुक्त एवं राकेष शर्मा, प्र. कार्यपालन यंत्री को प्रदान किया जाकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजन, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, स्थानीय चिकित्सक, पत्रकारगण एवं वार्ड स्तर पर गठित क्रायसिस मैनेजमेंट समिति से आवष्यक समन्वय बनाकर उनसे प्रेरक के रूप में आवष्यक सहयोग लेकर शत् प्रतिशत टीकाकरण कराने हेतु नवीन दल का गठन किया जाकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश जारी किये है। टीकाकरण हेतु जारी निर्देशों के परिपालन में नगारिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा चिन्हित समस्त टीकाकरण केन्द्रों व आसपास के स्थलों सहित पहुंच मार्गो में आवश्यक साफ-सफाई की जाकर पहुंच मार्ग में चूने की लाईनिंग, आवश्यक विद्युत व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था आदि का कार्य पूर्ण करानें की कार्यवाही संपादित की गई। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे एवं उपायुक्त अशफाक परवेज द्वारा निगम सीमान्तर्गन्त चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों की आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जाकर गठित दल के प्रभारियों एवं सहायकों को टीकाकरण केन्द्रों में निगम द्वारा प्रदाय की जानें वाली आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, प्रेरकों के माध्यम से वार्ड में भ्रमण कर नागरिकों से संपर्क स्थापित करते हुए अधिक से अधिक लाभार्थियों को टीकाकरण केन्द्र में उपस्थित होकर टीकारकण कराने की अपील करने के निर्देश प्रदान किये गए।

# भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक कटनी जिले से वर्चुअली जुड़े सदस्य



## पहली बार ऑनलाइन बैठक, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया संबोधित



**कटनी।** भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आज भोपाल के मुख्य कार्यालय के साथ प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ प्रारम्भ हुई। यह पहला अवसर है, जब वृहद रूप से कार्यसमिति की बैठक को वर्चुअल रूप से किया जा रहा है। कटनी में इस बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूर्व मंत्री विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, पूर्व विधायक अलका जैन, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ममता पटेल पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, शामिल हुये।

जिला दफ्तर में ठीक वैसे ही प्रदेश कार्यसमिति हुई, जैसी प्रदेश कार्यालय में चल



रही थी। सभी अपेक्षितजनों का कार्यालय में स्वागत के साथ रजिस्ट्रेशन किया गया, उपरांत इनके परिचय पत्र बनाये गए, तदोपरांत वर्चुअल कक्ष में सदस्यों का प्रवेश हुआ। बैठक को राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा सम्बोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में सांसद विष्णुदत्त शर्मा की नियुक्ति के बाद प्रदेश कार्यसमिति की पहली बैठक है, जिसमें कोरोनाकाल में दिवंगत नेताओं और जनता को श्रद्धांजलि देने के लिए शोक प्रस्ताव लाया जा रहा है। पहले सत्र में शर्मा का संबोधन होगा। फिर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का संबोधन होगा। दूसरे सत्र में राजनीतिक प्रस्ताव लाया जाएगा। इसके तहत देश व प्रदेश के राजनीतिक परिदृश्यए भाजपा और विपक्षी दल पर चर्चा होगी। अगले सत्रों में कोरोना काल में केंद्र और राज्य सरकार और संगठन ने क्या किया, उस पर बात होगी। दिल्ली से बैठक में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, थावरचंद गेहलोत, प्रहलाद पटेल, धर्मेन्द्र प्रधान, फग्गन सिंह कुलस्ते, राज्यसभा सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय आनलाइन जुड़े।



# बस स्टेंड में आधी रात भरभराकर गिरी जर्जर दुकान की छत

### रात के वक्त हादसा हुआ, नगर निगम प्रशासन की बेपरवाही उजागर

**कटनी।** प्रियदर्शिनी बस स्टेंड में बीती रात एक दुकान की छत भराभराकर गिर गई। यह तो गनीमत रही कि जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय दुकान बंद थी। अन्यथा बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। आज सुबह जब दुकान मालिक दुकान पहुंचे, तब उन्हें इस घटना की जानकारी मिली। उन्होंने तत्काल नगर गिनम के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी लेकिन सूचना दिए जाने के बाद भी नगर निगम का कोई भी अधिकारी यहां नहीं पहुंचा था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि प्रियदर्शिनी बस स्टेंड में नगर निगम द्वारा संचालित अधिकांश दुकानें जर्जर और खस्ताहाल हो गई हैं। दुकान मालिकों द्वारा पिछले काफी समय से दुकानों की मरम्मत करवाने की मांग नगर निगम के अधिकारियों से की जा रही थी, लेकिन नगर निगम प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिसके चलते एक दुकान की छत भरभराकर गिर गई।

बताया जाता है कि दुकान मालिक बीरवल मिस्त्री रोजाना की तरह कल बुधवार की रात अपनी दुकान बंद करके घर चला गया था और आज सुबह जब दुकान की शटर खोली, तो अंदर का दृश्य देखकर हतप्रभ रह गया। बताया जाता है कि जर्जर दुकान की छत पूरी तरह से गिर चुकी थी। यह तो गनीमत रही कि यह हादसा रात के वक्त उस समय हुआ, जब दुकान बंद थी। क्षेत्रीय दुकानदारों ने बताया कि इसके पहले भी कई दुकानों की छत और अन्य हिस्सा जर्जर होने के कारण ढह चुका है। दीवारें भी कमजोर हो गई हैं। नगर निगम प्रशासन की लापरवाही से दुकानदारों में रोष भी देखा गया।

# रेल फाटकों को बंद करने की बढ़ाएं रफ्तार

### विंडो इंसपेक्शन के दौरान रेल महाप्रबंधक ने दिए निर्देश

**कटनी।** पश्चिम मध्य रेल जोन जबलपुर के महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने 24 जून को जबलपुर-कटनी-सतना-रीवा रेलखण्ड का विंडो खिड़की निरीक्षण किया। जीएम ने निरीक्षण के दौरान इस रेलखंड पर स्थित स्टेशनों, रेल पुलों, रेल पथ, ओएचई, सिग्नल प्रणाली एवं समपार फाटकों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान कटनी-सतना रेल खण्ड पर मैहर-भदनपुर स्टेशनों के बीच एलसी गेट नंबर 375 पर एलएचएस एवं आरओबी बनाने की चर्चा की तथा इस कार्य को गति देने के लिए आवश्यक निर्देश दिये। महाप्रबंधक ने बंद किये जाने वाले समपार फाटकों को लेकर अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की।

बताया गया है कि अभी तक 5 समपार फाटकों को बंद किया गया है, जिस पर जीएम ने बाकी समपार फाटकों को लक्ष्य से पहले ही बंद करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यालय के प्रमुख अधिकारी एवं मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर की मौजूदगी रही। बताया जाता है कि सतना-रीवा रेलखण्ड के 16 किलोमीटर के दोहरीकरण कार्य कमीशन हो गया है। शेष 34 किमी का कार्य मार्च 2022 तक पूरा करने के निर्देश दिये एवं कैमा-सगमा कॉर्ड लाइन के दोहरीकरण करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा की। जीएम ने कैमा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया, दोहरीकरण



कार्य का जायजा लिया एवं निर्माण किये जा रहे फुट ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया। अधिकारियों से चर्चा के दौरान निर्माण में शेष कार्यों में तेजी लाने के लिए निर्देश दिये। इसके पश्चात जीएम ने कैमा से सकरिया के बीच चल रहे रेल लाइन दोहरीकरण कार्य को देखा एवं संबंधित अधिकारियों से कार्य को गति देने के संबंध में चर्चा की। कैमा-सकरिया दोहरीकरण कार्य की कुल लम्बाई 6 किमी है।

इस रेल लाइन पर पड़ने वाले नवनिर्मित दो बड़े पुलों, 5 छोटे पुलों एवं चार रोड अंडर ब्रिज का भी निरीक्षण किया। वर्तमान में कैमा यार्ड में 3 स्टेशन लाइन, 1 स्टेशन भवन और केवल 1 प्लेटफॉर्म है। अब यहां नया स्टेशन भवन, एक नया प्लेटफॉर्म, 4 नयी लूप लाइन एवं एक फुट ओवर ब्रिज के निर्माण के संबंध में चर्चा की। महाप्रबंधक श्री सिंह ने रीवा स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान दो वॉशिंग पिट, आइलैंड प्लेटफॉर्म नंबर 2 का चौड़ीकरण करने एवं दो नये प्लेटफॉर्म जिनका नंबर 4 और 5 रहेगा। शीघ्र निर्मित करने के निर्देश दिये। रीवा-गोविंदगढ़ नयी रेल लाइन परियोजना जिसकी लम्बाई 20 किमी का भी निरीक्षण किया। इस रेल लाइन में चल रहे टनल के कार्य का भी निरीक्षण किया। इस टनल की लंबाई 3.35 किमी है तथा केनाल क्रॉसिंग की गहनता से निरीक्षण किया। यात्री सुविधाओं के लिए रीवा स्टेशन के पास बन रहे फ्लाई ओवर ब्रिज के कार्य को भी देखा गया।



# सड़क हादसे में युवा कोरोना योद्धा का करुण अंत

### जबलपुर से लौटते समय राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर पनागर के समीप ट्रक से टकराई 108 एम्बुलेंस

**कटनी।** जबलपुर-कटनी के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर पनागर के समीप हुए दर्दनाक सड़क हादसे में विजयराघवगढ़ के एक युवा कोरोना योद्धा का करुण अंत हो गया। हादसा 108 एम्बुलेंस के तेज रफ्तार ट्रक से टक्कर हो जाने के कारण हुआ। हादसे में अपनी जान गंवाने वाले 35 वर्षीय अमित पांडेय विजयराघवगढ़ निवासी पांडेय मेडिकल स्टोर्स के संचालक शिव कुमार पांडेय के पुत्र थे, जो 108 एम्बुलेंस में इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन के तौर पर पदस्थ थे। इस हादसे में एम्बुलेंस के चालक अजय विश्वकर्मा को भी गंभीर चोटें आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजयराघवगढ़ क्षेत्र की एक 108 एम्बुलेंस क्रमांक एमपी02 ए व्ही 6857 कल किसी मरीज को विजयराघवगढ़ स्वास्थ्य केंद्र से मेडिकल कालेज जबलपुर लेकर गई थी। जबलपुर में मरीज को भर्ती कराने के बाद 108 एम्बुलेंस वापस विजयराघवगढ़ लौट रही थी। शाम 5 बजे के आस-पास बारिश होने लगी थी, जबकि एम्बुलेंस के वाइपर काम नहीं कर रहे थे। एम्बुलेंस चालक जब पनागर के समीप से गुजर रहा था, तभी वह एम्बुलेंस से अपना नियंत्रण खो बैठा और एम्बुलेंस एक ट्रक से जा टकराई। हादसे में एम्बुलेंस में सवार मेडिकल टेक्नीशियन अमित पांडेय को गंभीर चोटें आई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एम्बुलेंस का चालक अजय विश्वकर्मा भी बुरी तरह जख्मी हुआ है। एम्बुलेंस के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर मिलते ही टोल प्लाजा की एम्बुलेंस को मौके पर भेजकर दोनों घायलो को पनागर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने अमित पांडेय को मृत घोषित कर दिया। रात्रि हो जाने के कारण शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका।



पत्नी और बच्चे के साथ जीवित अवस्था का चित्र।

## विजयराघवगढ़ में शोक की लहर

नगर के एक होनहार युवक का असमय सड़क हादसे में दुःखद निधन हो जाने से विजयराघवगढ़ में शोक का माहौल है। कल रात यह मनहूस खबर मिलते ही लोग सदमे में डूब गए थे। शोकाकुल पांडेय परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने रात से ही लोग पहुंचने लगे थे। आज दोपहर तक भी शव पनागर से विजयराघवगढ़ नहीं पहुंच पाया था। बताया गया कि मृतक अमित पांडेय की शादी कटनी रबर फैक्ट्री रोड में हुई है।उसकी 4 साल की एक अबोध बच्ची भी है जिसके सर से क्रूर काल ने पिता का साया छीन लिया है।

## विधायक संजय पाठक ने जताया शोक

विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने नगर के युवा कोरोना योद्धा अमित पांडेय के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि असीम दुख की इस घड़ी में वे पांडेय परिवार के साथ है। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह महाशोक की इस घड़ी में पांडेय परिवार को सम्बल प्रदान करे तथा दिवंगत आत्मा को शांति दे।



## विधायक ने अपने खर्च से गुड़ेहा में लगवाया नया ट्रांसफार्मर

**कटनी।** विधायक संजय सत्येंद्र पाठक द्वारा विधानसभा क्षेत्र के किसानों की लगातार मदद की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत गुड़ेहा में किसानों की मांग पर कृषि फीडर में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। ग्राम गुड़ेहा में ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने की वजह से किसानों को फसल की सिंचाई करने में काफी परेशानी हो रही थी। जिस पर किसानों ने विधायक श्री पाठक द्वारा को इसकी जानकारी दी। विधायक द्वारा तत्काल अपने खर्च से ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश दिए गए। विधायक श्री पाठक के निर्देश पर ग्राम गुड़ेहा में तत्काल ट्रांसफार्मर लगाया गया है, जिससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी है। क्षेत्र के किसानों ने विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# अंतत : पुलिस ने आरोपियों पर दर्ज की एफआईआर

### झर्रा टिकुरिया में महिला के घर में घुसकर की थी तोड़फोड़

**कटनी।** रंगनाथनगर थानांतर्गत झर्रा टिकुरिया स्थित कलारी के पीछे अपने बेटे के साथ रहने वाली एक महिला के घर में घुसकर तोड़फोड़ करने व उसे जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। इस घटना के बाद से ही पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करने को लेकर आनाकानी की जा रही है। महिला का आरोप था कि थाने में सूचना देने के बाद भी पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है। जिस पर उसने सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की लेकिन यहां भी उसे निराश होना पड़ा। आरोपियों के डर से महिला अपने बच्चे को लेकर जबलपुर चली गई। जब वह शुक्रवार को लौटी तो उसके दरवाजे का ताला भी टूटा हुआ था, जिसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी किए गए व्हाट्सअप नंबर पर शिकायत की। महिला न्याय पाने के लिए लगातार कई दिनों से पुलिस से गुहार लगा रही थी। विदित हो कि विगत 12 जून को ममता गुप्ता के घर में घुसकर नरेश चौधरी, नरेंद्र चौधरी, भोला चौधरी व अज्जू चौधरी ने विवाद किया था और तोड़फोड़ करने के साथ ही महिला को जान से मारने की धमकी दी थी। जिस पर पुलिस ने उक्त चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 427, 452, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।




**PRE. REGISTRATION साईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/ एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

**PRE. REGISTRATION साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोटः- एससी/ एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

**बेचना है**

मारूती ओमनी वेन
(मॉडल - 2008)
कीमत - 1,20,000/-
अच्छी, चालू, विदाऊट मेन्टेनेंस, कागजात कम्प्लीट
नोट : मॉडल के हिसाब से खरीददार सम्पर्क न करें।
मो. नं. 7477054074

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)